# BOOKWORMS BEYOND BORDERS

Issue 1

November 2020




## Editorial

Stories **do** matter. Many stories matter. We chose this theme as a gentle reminder that stories are the foundation of library work, especially when held by everyone involved. Stories will reflect themselves in our approach to our work, our care for the collection, our harvesting of stories in many forms and our interactions with our community in the sharing of stories as we come together. In this first issue of Bookworms Beyond Borders we are delighted to bring a range of articles and activities that keep the story at the center. In a world dominated by distance and mere technological connections, we are committed to the story as a single and most powerful act of our human experience. Rebecca Solnit , a writer who defends democracy writes, “Stories surround us like air; we breathe them in, we breathe them out. The art of being fully conscious in personal life means seeing the stories and becoming their teller, rather than letting them be the unseen forces that tell you what to do”. We hope in the diverse sharing that this newsletter attempts, we give voice to the stories beneath the stories and around the stories remembering that many stories matter.

Sujata Noronha (Bookworm, Goa)

## संपादकीय

कहानियाँ मायने रखती हैं। कई कहानियाँ मायने रखती हैं। कई कहानियों से फर्क पड़ता है| हमने इस विषय को एक सौम्य अनुस्मारक के रूप में चुना कि कहानियाँ पुस्तकालय की नींव हैं, खासकर तब जब इस से जुड़े सभी साथी इसमें शामिल हो। कहानियों का प्रतिबिंब हमारे काम के प्रति द्रष्टिकोण, संग्रह की संभाल, कहानियों का बुनना, समुदाय के साथ कहानियों पर चर्चा आदि में झलकेगा Bookworm बियॉन्ड बॉर्डर के पहले प्रकाशन में कहानियों के इर्दगिर्द बहुत से आलेख और गतिविधियों को आपके साथ साझा करेंगें | आज कल के तकनीकी संपर्क और फासलों की इस दुनिया में, हम केवल कहानियों को मानवीय अनुभव का सबसे महत्वपूर्ण और एक मजबूत माध्यम की तरह देखते हैं| रेबेका सोल्निट (एक लेखक जो लोकतंत्र का बचाव करती हैं) लिखती हैं कि , “कहानियाँ हमारे लिए हवा की तरह हैं, इन्हें ही हम सांस की तरह अन्दर लेते हैं और बाहर निकालतें हैं| व्यक्तिगत जीवन में पूरी तरह से सचेत रहने की कला का अर्थ है कहानियों को देखना और उनको सबको सुनाना, बजाय इसके कि कहानी अनदेखी शक्तियाँ की तरह हो जाएँ जो की हमें बताएं कि आगे क्या करना है|”` हम उम्मीद करते हैं कि इस विविध समाचार पत्र के साझाकरण से हम एक कहानी से दूसरी कहानी, कहानियों के भीतर, कहानियों के आगे, इन सब कहानियों को एक आवाज़ दे पाएंगें यह जानते हुए की कहानियाँ मायने रखती हैं |

(द्वारा अनुवादित)
अविनाश कुमार (Wipro) व नयन मेहरोत्रा (Bookworm, गोवा)

## Stories Matter

We all take stories for granted. We listen to stories even before we understand words, and we tell stories as soon as we learn to speak. Stories are all around us – in books, films, art, music, dance… And now with a click, tap or swipe we read, create and exchange stories.

But I stopped taking stories for granted when we started publishing children's books. Our vision was to create books that are contemporary and inclusive, reflecting a diverse and plural culture in every respect. Children's books have always mirrored a culture, and children reading them grow up with a sense of self embedded in that culture. We all know that early images that come to us through stories, stay with us well into our adult lives. So the stories we tell through our books matter. The best authors and illustrators are drawn by the possibilities of offering a better world to children through their stories – stories about kindness and friendship or loss and loneliness, about sameness and differences, about caring for the environment … through fantasy, folk tales, fables, poetry…They could be funny, silly or serious and contemplative. But above all they have to be good stories, imaginatively told. These are the ones that nourish and enrich young minds, and sometimes affect them deeply.

The Mountain that Loved a Bird by Alice McLerran (2012), for example, transformed a little boy in a small town in Kerala. The book is about a barren mountain which is visited one year by a little bird called Joy. The lonely mountain asks the bird to stay. Joy cannot stay, but she promises to come back every spring. She brings a seed the next time she comes and drops it on the mountain side. She returns each spring with seeds and over time, the mountain grows green and lush and many plants and animals flourish there.


The little boy in Kerala used to be a bully. The other children in his class were afraid of him and kept away. One day the children came to the teacher. They were very agitated, some were crying. They said that the bully had climbed a tree and knocked down a bird's nest with eggs in it and all the eggs had broken. The teacher didn't say anything to the boy, but at the end of the day, she called him aside and gave him a book from the class library – the Malayalam translation of The Mountain that Loved a Bird. The boy took it home. He kept it with him for many days. Soon, everyone noticed a remarkable change in him. He no longer bullied the other children, and he was gentler with everyone – especially with the animals and birds! This account appeared in a magazine, narrated by the teacher herself and is a remarkable example of how impressionable children are in their responses to stories. The early stories they grow up with really do matter.

It is also important is to offer children different kinds of stories. Reading and listening to those within their own comfort zones is very limiting. We need diverse stories, what the Nigerian writer Chinua Achebe calls "a balance of stories." Such stories offer the possibility of helping young readers extend their ideas and sympathies beyond their own circumstances. Today, more than ever before, we are all well aware of what happens when we are bombarded with one kind of narrative every day - 'the danger of a single story' as Chimamanda Adichie so famously put it. Stories are being used to dispossess and malign people, to destroy their dignity and to create divisions where none existed. The only way we can counter this is to be discerning and critical about the kinds of narratives we accept and reject. Growing up with diverse stories empowers us to do this. Will such stories in books help children be more empathetic in their dealings with each other? And will such children create a better future? We don't know. Any influence that stories and books have may be small, rather than world changing. This is a matter of hope, not expectation.

Stories matter because they offer hope.

Radhika Menon (Tulika Books, Chennai)

## Book Review




**I Believe in Unicorns**
By Michael Morpugo
Illustrator: Gary Blythe
Publisher: Walker Books

Set in a time and place where war infringes on a small village, the story is narrated as a first person account by young Tomas Perec. Tomas never liked to go to school, or to read, or to listen to stories. Until a time when, encouraged by his mother to visit the library, he meets a beautiful unicorn, seated on whom is the Librarian and she is narrating a story to all the children huddled around. As Tomas enters this circle of listeners, he falls under the spell of the story, the comfort in listening to someone tell a story, and the magic of this moment. From that time on, Tomas and his friends run to the library every day to listen to the 'unicorn lady'. However, there soon comes the day when war drops down on their valley. As bombs fall, and fire rages across the village, Tomas joins his father and the unicorn lady in attempting to rescue the books from the flames ravaging the library. Will they manage to save the books? And what happens to the Library's unicorn? The text is interspersed with beautiful watercolors and detailed black and white sketches that bring alive key moments in the story, and add to the experience of this gentle narrative. For me I Believe in Unicorns reaffirmed faith in the act of telling and listening to stories, the magic of libraries and the transformative power of stories. It made me believe that good stories can change lives, and that is more hopeful than anything else I can think of.

As Tomas says "I believe in unicorns. I believe in them absolutely". And I do too.

Anandita Rao (Bookworm, Goa)

# कहानियाँ मायने रखती हैं

हम सभी कहानियों को बहुत सामान्य रूप में लेते हैं। हम तब से कहानियाँ सुनते हैं, जब हम शब्द भी नहीं समझ पाते। और जैसे ही बोलना शुरू करते हैं, कहानी कहने भी लगते हैं। कहानियाँ हमारे चारों तरफ हैं- किताबों में, फिल्मों में, कला में, संगीत और नृत्य में भी.. और अब तो माउस के एक क्लिक पर, बटन के दबाने और महज़ उंगलियों के चलाने पर भी हम कहानियाँ पढ़ सकते हैं, गढ़ सकते हैं और एक दूसरे से साझा भी कर सकते हैं।

लेकिन जब हमने बच्चों के लिए किताबें प्रकाशित करनी शुरू की, तो मैंने कहानियों को सामान्य समझना बंद कर दिया। हमारा विज़न था कि हम ऐसी किताबें बनाएँ जो कि सामयिक विषयों पर हों और समावेशी हों। जिनमें विविधता दिखे और संस्कृति की बहुलता दिखे। बच्चों की किताबें हमेशा से एक संस्कृति को दर्शाती हैं और जो बच्चे उन्हें पढ़ते हुए बड़े होते हैं, उनकी खुद के बारे में समझ भी उसी संस्कृति में सन्निहित होती हैं। हम सभी जानते हैं कि कहानियों के ज़रिए जो छवियाँ हमारे ज़हन में बनती हैं वो हमारे वयस्क जीवन में भी हमारे साथ रहती हैं। इसलिए हम जो भी कहानियाँ अपनी किताबों में सुनाते हैं, वे मायने रखती हैं। सबसे बेहतरीन लेखक और चित्रांकनकर्ता बच्चों को अपनी कहानियों के माध्यम से एक बेहतर समाज, एक बेहतर संसार देने के लिए प्रेरित रहते हैं। कहानियाँ, दोस्ती और उदारता की या अकेलेपन और कुछ खोने की, समानता और विविधता की, अपने परिवेश की परवाह करने की... कल्पना के जरिए, लोक कथा के जरिए, दंत कथाओं और कविताओं के जरिए.. ये गंभीर भी हो सकती हैं, चिंतनशील भी, हास्यजनक भी और मूर्खतापूर्ण भी। लेकिन सबसे जरूरी है कि ये अच्छी कहानियाँ हों जो कि कल्पनात्मकता से कही गई हों। यही बाल्यमन को समृद्ध बनाती हैं और उन्हें पोषित करती हैं; कभी कभी उस पर गहरा प्रभाव भी छोड़ती हैं।

उदाहरण के लिए, केरल के एक छोटे से शहर में, 'थ माउंटन थैट लव्ड अ बर्ड' (पहाड़ जिसे चिड़िया से प्यार हुआ) - एलिस मैकलेरण द्वारा 2012 में लिखित किताब ने, एक लड़के का हृदय परिवर्तन कर दिया।

केरल का यह छोटा बच्चा सभी को धौंस दिखाता, परेशान किया करता था। उसकी कक्षा के अन्य बच्चे उससे डरते थे और उससे दूर ही रहते थे। एक दिन वे अपनी टीचर के पास गए। बहुत ही परेशन थे और गुस्से में भी। एक बच्चा तो रो रहा था। उन्होंने बताया कि उस लड़के ने पेड़ पर चढ़कर एक चिड़िया के घोंसले को गिरा दिया था। उस घोंसले में अंडे थे और अब सभी अंडे टूट गए थे! टीचर ने उस लड़के को कुछ नहीं कहा। दिन के अंत में उसे बुलाया और क्लास लाइब्रेरी से उसे एक किताब दी- 'थ माउंटन थैट लव्ड अ बर्ड' का मलयालम अनुवाद। वो लड़का उसे घर ले गया। उसने कई दिनों तक उस किताब को अपने पास रखा। कुछ ही समय बाद, सबने उसमें एक बदलाव देखा। उसने बाकी बच्चों को परेशान करना बंद कर दिया था और सबके साथ नरमी से पेश आने लगा था - खासकर जानवरों और पक्षियों के साथ! उसी शिक्षक ने स्वयं इस घटना के बारे में एक पत्रिका में लिखा । यह इस बात का प्रमाण है कि कहानियों से बच्चे कितने प्रभावित होते हैं। जो कहानियाँ वो बचपन में सुनते हैं, वो वास्तव में माइने रखती हैं। बच्चों को अलग अलग तरह की कहानियाँ उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। जिन कहानियों के वे आदी हैं या जिन से परिचित हैं, उन्हें सुनना और पढ़ना उन्हें सीमित करता है। हमे जरूरत है कहानियों में विविधता की, जिसे नाइजीरियन लेखक चिनुआ अचेबे 'कहानियों का संतुलन' कहते हैं।


इस तरह की कहानियाँ नन्हें पाठकों को अपने सीमित संसार से परे, अपने विचारों और संवेदनाओं को विस्तार देना का मौका देती हैं। आज, हम सब, पहले से कहीं बेहतर तरह से जानते हैं कि जब हम एक ही तरह की कहानियाँ सुनते हैं तो क्या होता है- जैसा कि चिममैंडा अदीची का कहना है 'थ डैन्जर ऑफ अ सिंगल स्टोरी', यानि 'एक ही तरह की कहानी का खतरा'। कहानियों के ज़रिए लोगों को, समुदायों को, नुकसान पहुंचाया जाता है, उन्हें अस्वीकार कर, उनके सम्मान को नष्ट किया जाता है और जहां कोई विभाजन न हो वहाँ विभाजन कर दिये जाते हैं। इसका विरोध करने का एक ही तरीका है कि हम अपनी समझ और एक आलोचनात्मक नज़रिया विकसित करें, इस बात को लेकर कि हम किन कथा-कहानियों को स्वीकार करेंगे और किन को अस्वीकार। विविध तरह की कहानियों के साथ बड़े होना, हमें ऐसा करने के लिए सशक्त करता है।

क्या किताबों में इस तरह की कहानियाँ बच्चों को (एक दूसरे के प्रति) ज्यादा संवेदनशील बना पाएंगी? और क्या ये बच्चे एक बेहतर भविष्य का सृजन कर सकेंगे? हम नहीं जानते। किताबों और कहानियों का प्रभाव शायद थोड़ा ही हो, न कि दुनिया बदल देने वाला। यह आशा करने की बात है, न कि अपेक्षा करने की।

कहानियाँ मायने रखती हैं क्यूंकि वो एक उम्मीद देती हैं।

(द्वारा अनुवादित) शिवानी बजाज (नई दिल्ली)

# पुस्तक समीक्षा




शीर्षक: बालू की टोकरी
लेखक: चित्रा सौन्दर
प्रकाशक: तूलिका
चित्रकार: उत्तरा शिवदास

इस किताब में एक लड़का होता है जिसका नाम है बालू, उसे एक टोकरी मिलती है जिससे वह कई चीज़े करता है और लोगों की मदद करता है। यह देखना बहुत ही रोमांचक होता है कि एक ही टोकरी से कैसे बालू बार-बार वह भी अलग-अलग दुविधाओं मे फसे लोगों की मदद करता है। इस किताब के बारे में अगर मैं और व्याख्या करूँ तो सबसे दिलचस्प बात मुझे यह लगी कि यह दोनों भाषाओं में है, इस किताब के चित्र भी बहुत खूबसूरत हैं। चित्रों की मदद से हम पूरी कहानी समझ सकतें हैं । हमारी कम्यूनिटी स्पेस मे भी बहुत बच्चे इस किताब को पढ़ चुके हैं। बहुत बच्चे तो इतने छोटे हैं कि वह पढ़ना लिखना भी नहीं जानते पर तब भी वे इस किताब को समझ और बता पाते हैं कि कहानी में क्या हो रहा है। बच्चों का इस किताब की तरफ बहुत रुझान भी है इसकी एक वजह यह भी है कि इसको वे अपनी असल ज़िंदगी से जोड़ पाते हैं ।

अंकुश पवार (LECIN, नई दिल्ली)

# Cross - Sharing

सुदूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण आज भी जब आस-पास के शहर में जाता हूँ और कोई कहानी की किताब नहीं मिलती है तो लगता है कि हम लोग किस ओर भागे जा रहे हैं? जी हाँ, बिहार के गोपालगंज जिले की बात कर रहा हूँ - ठेठ हिंदी भाषी क्षेत्र, अब आप सोचिए कि हमारे देश में इससे कई हद तक ज़्यादा पिछड़े क्षेत्र हैं, वहां की स्थिति क्या होगी और क्या कहानियों के अभाव में बच्चों से एक सुनहरा अवसर नहीं छीना जा रहा है? शिक्षा का उद्देश्य किस तरफ जा रहा है?

यूँ तो हम पिछले 6 वर्ष से पुस्तकालय आधारित कार्य कर रहे हैं पर कोविड-19 के दौरान अनुभव ही कुछ और रहा है! जुलाई माह में जब हमने बच्चों के बीच सामुदायिक पुस्तकालय द्वारा कहानी किताब लेन -देन शुरू किया तो उम्मीद भी नहीं थी कि क्या होने वाला है | बच्चे - बच्चियों में कुछ ख़ास किताबें ऐसे रम गयी हैं कि वे उनसे चिपके ही रहना चाहते हैं | आज से चार महीने पहले तक जो बच्चे कहानी की किताबों को पढ़ नहीं पाते थे, उन्ही बच्चे-बच्चियों के बीच 'क्यूँ-क्यूँ लड़की', 'एक लड़की जिसे किताबों से है नफरत', 'मितवा', 'मोनिका', 'जिगरी दोस्त' जैसी कितनी कहानियाँ इतनी लोक प्रिय हो गई हैं कि अब उनके घर के सदस्य भी कहानियों के प्रति इच्छुक हो गए हैं | यह कहानियाँ इन बच्चों को या तो एक दूसरी दुनिया की सैर करा रहीं हैं या एक आईने की तरह इनको अपने आप को देखने का मौका दे रहीं हैं | जो बच्चियाँ सवाल नहीं करती थी, अब उनके पास सवालों का पिटारा सा खुल गया है - जब हम लोगों ने तह तक जाना चाहा तो तब सुलोचना ने बताया कि वे 'क्यूँ क्यूँ लड़की' की मोयना से प्रभावित हैं – "जब मोयना इतने सवाल पूछ सकती है, तो हम क्यों नहीं?" सुलोचना जैसी कई बच्चियाँ होंगी जो अपने सवालों को मन में ही दबाये बैठी रहती होंगी पर एक जानदार कहानी और किरदार ने सुलोचना और उसके दोस्तों को सवाल करने का हौसला सा दिया है |

आपको नहीं लगता कि कहानियाँ सच में मायने रखती हैं?

सूर्य प्रकाश राय (प्रयोग, पटना)

During the course of conducting the library programme and running NEET's Community library, there have been numerous instances where I have found that stories leave an impact on the children that I work with. The following incident is one such experience.

NEET's library opened its doors after the five month lockdown period. The children were back to the library. Alakesh and Saidul picked up two different books to read. Alakesh brought a book to me and asked me to do its read aloud. I was excited to see that he had picked up the book, "The Why Why Girl" . I had brought this book when I had gone for the Library workshop organised by Bookworm at Bangalore. Lockdown was imposed after a few days of coming back, so I didn't get a chance to do a read aloud of this book with our children.

When I told them that name of the girl is Moina, they said, "Ma'am, we call our babies as "Moina" in our house. I smiled and started the read aloud. After some pages of the story, they started complaining. Alakesh, who was listening attentively said, "Ma'am, why is she asking so many question?" At this, I questioned him back, "Is it bad to question?" Saidul commented, "My brother will pull my hair out, if I ask so many questions." Alakesh added, "Yes Ma'am, my mother scolds me if I ask her more than two questions. She says little boys shouldn't ask so many questions." I said, "Asking question is very important. If you have any question, you can ask us." I continued the story and after the session ended, they said, "We like Moina but she has so many questions. Our parents do not allow us to question. Moina's family is very caring. I said, "Please continue to ask questions. This is the only way to feed your curious mind. Even if you get scolded at home, never stop questioning."

After the session got over, I started thinking, "Why do we stop children from asking questions? Why do we silence them when they ask us something? This harms children and stops them from questioning and imagining new things. If we try to answer them with patience and provide a space where they can comfortably talk, they would be able to express themselves better."

Reshma Ahmed (North East Educational Trust, Guwahati)







हर बच्चे के पास अपने जीवन की एक कहानी होती है और जब उनसे जुड़ी हुई कहानी सुनने या देखने को मिलती है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता। यह कहानियाँ बच्चों के लिए क्या मायने रखती हैं। कहानी सुनने-सुनाने के बाद जब बच्चा अपने जीवंत अनुभव साझा करता है तो उनके जीवन में घट रही कहानियाँ सामने आती हैं। यही कहानियाँ बच्चों को अनेक प्रकार से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। कहानी सुनने के दौरान बच्चों के हाव-भाव को देखकर उनके भीतर चल रही उथल-पुथल, प्रश्न और अपने अनुभव साझा करने की जिज्ञासाओं को समझा जा सकता है।बच्चे अपनी कहानियों को पढ़ते हैं, मजे लेते हैं और कहानियाँ भी सुनाते हैं। ऐसी कुछ कहानियों के उदाहरण नीचे लिखे हैं।

"बारिश का एक दिन" (मुस्कान) कहानी उनके परिवेश से जुड़ी है इसलिए रंगहीन चित्र भी बच्चों के कहानी से जुड़े अहसास को कम नहीं कर पाते जबकि यह कहा जाता है कि रंगीन चित्र बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए आकर्षित करते हैं।

"चालबाज़ चिड़िया" (तुलिका) कहानी बच्चे सुन रहे थे तो हर पन्ना उन्हें अपने गांव की याद दिला रहा था और वह कक्षा में ही चिड़ियों की आवाज (सिटी नुमा) बच्चों को बता रहे थे। कहानी तो खत्म हो गई, परंतु घंटो अपने गांव के बारे में और अपने दादा कैसे शिकार करते हैं इसके किस्से चलते रहे |

"अंधों का देश" (दिगंतर) कहानी जब चल रही थी कक्षा में पिन ड्रॉप साइलेंस था कहानी में कोई चित्र नहीं थे जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ रही थी बच्चों की जिज्ञासा बढ़ रही थी आगे क्या होगा बच्चों को कहानी बांधे रख रही थी कहानी बिल्कुल नए तरीके की थी ऐसी कहानियाँ आमतौर पर मिलती नहीं हैं। कहानियाँ मज़ेदार लगती हैं तो बच्चे उसे अपने घर पर भी सुनाते हैं।

कहानियाँ बच्चों के जीवन पर क्या प्रभाव डालती हैं - बच्चे अपने दिनचर्या में जो गतिविधियाँ करते हैं उनसे जुड़ी हुई कुछ कहानियाँ अगर सुनाई जाती हैं तो कुछ बदलाव बच्चों में देखने को मिलते हैं। जैसे कुछ बच्चे तितलियों को पकड़कर उन्हें मार देते थे। जब उन्हें तितली के जीवन चक्र की कहानी सुनाई गई, तो उन्हें बहुत बुरा लगा और उन्होंने तितलियों को मारना बंद कर दिया।

ऐसे और भी उदाहरण हैं जिनको पढ़कर यह समझ आता है कि बच्चे कहानियों के माध्यम से जीव जंतुओं के प्रति भी संवेदनशील हुए हैं। एक ओर जहां बच्चों को खिचड़ी, ऊंट का फूल, कामचोर डोकरा आदि कहानियाँ मजेदार लगती हैं, वहीं कुछ अन्य कहानियाँ जैसे चिड़ियाघर की बतख, काली और धामन सांप में बच्चे अपने साथ हो रहे वर्गभेद व रंगभेद को गहराई से समझने में मदद करती हैं। इसी प्रकार नया स्वेटर, जैसी कहानियाँ बच्चों की इच्छा शक्ति को दर्शाती हैं।

इस लेख में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि बच्चों के जीवन में कहानियाँ मायने रखती हैं।

शशिकला (मुस्कान, भोपाल)







An integral part of engaging with a story is in the process of its internalization. Of how the reader draws from the story to make a personal connect, that helps her/him navigate through the various parallels, the memories and emotions it triggers and in the process, somewhere, possibly heal an old wound.

At the Buguri Community Library we work with several children from underserved communities. Books and stories are not only a vital part of expanding their outer world, but also their inner world. Stories have been used to help initiate and channelize discussions on various subjects. Activities that involved art have helped express unexplainable emotions.

One such incident occurred during the read aloud of the book Mukand and Riaz written by Nina Sabnani and published by Tulika Books. The book is set before partition, and is based on the friendship between two boys. After the read aloud, the book triggered conversations on friendships lost because of changing circumstances that are not under our control, and the sadness and the grief that it brought. Children shared stories of friends that they left behind behind when they moved towns, schools or homes. Slowly the conversation progressed to talking about those loved ones who we may not see again, because they had left this world. We soon broke into the extension activity which was to write about or draw from memory the person we missed the most. A, one of the participants drew the picture of two girls happily playing in a small garden. At the end of the activity, I gently asked her about her drawing. She said that one of the girls was her, and the other is her sister. But her only sister was sitting right besides her! Confused, I asked her again. She explained that she had drawn a picture of her unborn sister. The one she lost her in her mother's womb. Later that day, I wondered about the power of stories again - of how it had helped A create not only a space to talk about her grief, but also convert it to a happy memory, and pay homage to a sister she lost.

Lakshmi Karunakaran (Buguri, Bangalore)

## Pedagogy

When we plan a trip we almost always know where we are going; our destination is clear. The library session plan could greatly benefit from this kind of clarity.

*Where do we want to land / reach on our journey with children / community and the library?*

Arriving at this answer is not a simple process although it can be turned simplistic by responses like "inculcate the reading habit" or "have a vibrant library". These may be a part of your vision, but a library session plan should be much smaller and more concrete.

Some examples may be

1. *Introduce children to a new collection of books*
2. *Link home stories with print stories*
3. *Experience the joy of a story shared by a story teller*
4. *Encourage borrowing of diverse books*
5. *Listen to some poems and respond to them*

Write out your own destination for a session here : ..............................................................................................

Just like a trip, you will then make a list of all the things you need to do to get to your destination. You may also talk to someone else who has been there. You will read up about the place and experiences around it. You will also think about what limitations and strengths you have that may enable you to get there. You will not forget to pack your camera/phone or a journal to note down your experiences and reflect on them. You will record your journey with multiple snap shots and conversations and while on the trip you will remember to have fun and be open to new experiences that may emerge.

A library session plan is no different. Try this planning sheet here and let us know if it works for you. We are keen to learn with you because you are a part of our journey and if we take this trip together the scene at the end of it will be reading joy for millions of children.

**To-Do List**

*What*: Think - Talk - Read
*How*: Prepare - Lesson Plan - Material
*Do*: Reflect

**Preparation**

What will I do?
What do I need to prepare?
What do I need to gather?
What else ?

**Concerns/ Limitations**

Timing
Participants
Preparation
Record keeping

**Evidence**

How will I know I am there?
What tools will I use?
*Eg: Reflective journal / photographs / recording for review / observer / observation schedule*

**Aim**

What do I want to achieve in this session?

## Bingo: strike out the activities as you finish them!


| | | | |
|---|---|---|---|
| Read a book recommended by someone | Recommended a book to someone | Started reading a new book | Read a library newsletter |
| Got new library ideas | Planned a library session | Learnt something new about libraries | A library question I had was answered |
| Attended a Bookworm program/webinar | Shared your library newsletter with someone | Re-read a favourite story | Got inspired |

*Send us an image of your completed Bingo sheet to win a prize for your library collection!*

+91 98232 22665 mail@ bookwormgoa.in

## Book Recommendations // पुस्तक सिफारिशें

The selections listed here are a personal recommendation by Nayan, a Library Educator and a practitioner at Bookworm. Her selections are based on books that give her hope, bring a different perspective of looking at things and make her think about the reality of society and her own actions.




### Nabiya

Author: Chatura Rao
Illustrator: Ruchi Mhasane
Publisher: Tulika Books

Language: Hindi, English, Tamil, Kannada, Telugu, Marathi, Gujarati, Bengali, Malayalam
Price: ₹ 150/-

About the Book:

Nabiya and her family share a small room on the first floor of a house. Nabiya loves football and stories, but she struggles to read and write. However, the thoughtfulness and kindness of her teacher, and Nabiya's own eagerness and determination bring Nabiya into the world of stories and books.




### Pongal
### पोंगल

लेखक: बामा
चित्रकार: कैरन हेडॉक

प्रकाशक: मुस्कान
भाषा: हिन्दी
मूल्य: ₹ 100/-

किताब के बारे में:

परंपरा के अनुसार मादसामी अपनी क्षमता से अधिक खाने का सामान अपने मालिक के यहाँ पोंगल पर ले जाता है । उनके परिवार के पास खुद के खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं है। उनकी स्थिति को समझते हुए, उनका एक बेटा परंपरा पर सवाल उठाता है। क्या आपको लगता है कि मादसामी व उसका परिवार अब भी इस परंपरा का पालन करेंगे ?





### Guthli Has Wings

Author & Illustrator: Kanak Shashi
Publisher: Tulika Books

Language: English
Price: ₹ 165/-

About the Book:

Guthli is everyone's favourite — a happy child who likes to draw fairies, swing and cycle. But then one day she is told not to wear her sister's frilly frock that she loves. Why has Guthli been asked not to wear a frock? Who is Guthli ?





### Panchhi Pyara
### पंछी प्यारा

लेखक: Kristien Aertssen
चित्रकार: Arundhati Deosthale & Maggy Jacqmin

प्रकाशक: A&A Book Trust
भाषा: हिन्दी, Flemish
मूल्य: ₹ 100/-

किताब के बारे में:

पंछी प्यारा एक परिवार की मार्मिक कहानी है जिसमें परिवार का पंछियों के प्रति प्यार को दर्शाया गया है।इस कहानी में यह देखना रोचक हैं की किस तरह पंछी दादा जी की उदासी दूर करतें हैं। कहानी में चित्र लेख को और मज़बूत करतें हैं और पाठक का ध्यान आकर्षित करते हैं।




### Ju's Story
### जू की कहानी

Author: Paul Zacharia
Illustrator: Asma Menon

Publisher: Tulika Books
Language: Hindi, English, Tamil, Kannada, Telugu, Marathi, Gujarati, Bengali
Price: ₹ 150/-

About the Book:

Ju is a story that reminds us about first experiences that can be powerful, whether new or old. Ju's thoughts carry her through the summer days of preparing for a new school year, getting new books and new clothes, and a new experience with a letter.


**What book is for whom?**
The best way to understand this, is to read the book and think about who or whom it may best suit. What age is the topic/idea of the book addressing - may be a helpful guide.



**कौन सी किताब किसके लिए है?**
इसे समझने के लिए सबसे बेहतर तरीका है, हम किताब को पढ़ें और यह सोचें कौन और किसके लिए यह किताब सूट करेगी। किताब का विषय/विचार किस आयु अनुरूप को संबोधित करता है- यह एक सहायक मार्गदर्शक होगा।

**How to select a book for a session?**
Listen to the children you intend to work with. Ask them what they may like to begin with. Open out the question in different ways so that you are able to get some insight into their requests and then begin. If in doubt, use the helpline for a real time conversation with us.

**सत्र के लिए किताब का चयन किस तरह करें?**
उन बच्चों को सुने जिनके साथ आप काम करना चाहते हैं। उनसे पूछें कि वो क्या करना पसंद करेंगे। प्रश्नों को विभिन्न तरीके से खोलें ताकि आप उनकी जरूरतों को समझ पाए और फिर कार्य शुरू करें। यदि संदेह है तो हेल्पलाइन का उपयोग करें और हमारे साथ बातचीत ज़रूर करें।



**If children can't read should they still come to the library?**
YES. The library is the place where many children become readers. So think of how you will create an atmosphere and design activities for non readers at the start of their journey. Everyone is welcome in the library.

**अगर बच्चे पढ़ नहीं सकते हैं तो क्या फिर भी उन्हे पुस्तकालय आना चाहिए?**
हाँ। पुस्तकालय वह जगह है जहाँ कई बच्चे पाठक बनते हैं। यह विचार करें कि आप किस तरह वातावरण/माहौल विकसित करेंगे और गैर पाठकों कि यात्रा के शुरुआत मे ही उनके लिए गतिविधियाँ डिज़ाइन करेंगे। पुस्तकालय में सभी का स्वागत है।

**Should libraries be silent spaces?**
If we accept that reading is not just decoding ,but also talking, thinking aloud and silently , writing and other forms of expression and understanding, then libraries cannot be silent spaces. If possible every library should have a quiet reading corner because those conditions are needed as well for independent reading.

**क्या पुस्तकालय शांत जगह होनी चाहिए?**
अगर हम स्वीकार करते हैं कि पढ़ना सिर्फ डिकोडिंग नहीं है, बल्कि बात करना, सोचना जोर से और चुपचाप, लिखना और अभिव्यक्ति और समझ के अन्य रूप भी हैं, तो पुस्तकालय चुप स्थान नहीं हो सकती हैं। यदि संभव हो तो हर पुस्तकालय में एक शांत रीडिंग कॉर्नर होना चाहिए क्योंकि स्वतंत्र पढ़ने के लिए उन परिस्थितियों की आवश्यकता होती है।

## Library Helpline

For your library queries & shelf help questions, call:

अपने पुस्तकालय प्रश्नों के लिए, कॉल करें:

+91 98232 22665

To sign up for this newsletter or to contribute articles, mail us at:

इस समाचार पत्र के लिए साइन अप करने या लेख योगदान करने के लिए, हमें मेल करें:

mail@bookwormgoa.in
H no. 127, Mala, Fontainhas,
Panjim, Goa - 403001

## Library Resources Portal

www.partnersforum.in

## Credits

Cover illustration: **Rhea D'Souza**
Editorial proof-reading (Hindi): **Maria Coelho**
Printer: **Elegant Offset Printers Private Limited**

Supported by wipro foundation wipro